an>

Title: Need to undertake setting up of a planetarium, beautification of ponds and construction of road over bridges in Darbhanga parliamentary constituency, Bihar.

श्री कीर्ति आजाद (दरभंगा): पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय तथा रेलवे द्वारा दरभंगा, बिहार हेतु पूर्व सरकार एवं वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसमें प्रमुख थी दरभंगा में तारामण्डल की स्थापना, दरभंगा शहर के मध्य में तीन तालाबों हरही पोखर दिदघी पोखर और गंगा सागर का सौंदर्यीकरण । रेलवे द्वारा ऊपरी पुलों का निर्माण आज तक प्रशासनिक उदासीनता के कारण लम्बित है, जिससे रेलवे फाटकों के सामने भंयकर जाम लगता है।

केन्द्र स्वीकृत योजनाओं के कार्य में प्रगति न होने के संदर्भ में कई बार संबंधित विभागों को अवगत कराने के बाद भी कार्य प्रगति की दिशा में कोई प्रयास देखने को नहीं मिला है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि भारत सरकार द्वारा स्वीकृत दरभंगा की योजनाओं का अतिशीघ्र क्रियान्वयन कराया जाए जिससे जनता को लाभ अर्जित हो सके ।